# स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल श्री बागडे ने लोकभवन में ध्वजारोहण किया

## राष्ट्र की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया

जयपुर, 15 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को लोकभवन में स्वाधीनता दिवस पर ध्वजारोहण किया। बाद में उन्हें आरएसी गारद ने सलामी दी।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान लोकभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को उपहार और मिठाई वितरित की। उन्होंने बच्चों से संवाद भी किया और उनके साथ तिरंगा लहराते हुए स्वाधीनता दिवस की सभी को बधाई दी। उन्होंने सभी से राष्ट्र की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने स्वाधीनता दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लोकभवन में फलों के पौधे लगाए। उन्होंने पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण के लिए भी आह्वान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री राजकुमार सागर सहित लोकभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

-------















